

पृष्ठ संख्या 2

डाक पंजीयन संख्या- RJ/JPM/160/2024-26

RNI NO.- RAJHIN/2021/80841

# संस्कार सृजन

हिन्दी पाक्षिक

CBC CODE-134222



सम्पादकः राम गोपाल सैनी
मो.: 9214996258

वर्षः 05 | अंकः 8 | पृष्ठ : 4 | जयपुर, बुधवार 22 जुलाई, 2026 | मूल्यः 05 रू. | वार्षिक मूल्य : 150 रू.


## UEM जयपुर ने AI में दक्षता को ग्रेजुएशन के लिए अनिवार्य शर्त बनाया

**जयपुर (संस्कार सृजन)**

टेक्नोलॉजी-आधारित उच्च शिक्षा में अग्रणी के तौर पर अपनी स्थिति को और मजबूत करते हुए, यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर ने एक अहम शैक्षणिक पहल की घोषणा की है। इसके तहत सभी अंडरग्रेजुएट छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) में दक्षता हासिल करना ग्रेजुएशन के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। यह नीति शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू हो गई है और इसे 15 जुलाई 2026 को आयोजित 15वें ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान औपचारिक रूप से पेश किया गया। इस कार्यक्रम में नए दाखिला लेने वाले छात्र इस बदलाव लाने वाली शैक्षणिक यात्रा को शुरू करने वाला पहला बैच बने।

हाल ही में शुरू किए गए AI दक्षता फ्रेमवर्क को ग्रेजुएशन की एक व्यापक शर्त के तौर पर डिज़ाइन किया गया है, जो सभी अंडरग्रेजुएट विषयों पर लागू होगा।

UEM जयपुर की चांसलर प्रो. बननी चक्रवर्ती ने कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर पेशे और समाज के हर क्षेत्र के लिए एक ज़रूरी स्किल बनती जा रही है। IEM-UEM ग्रुप के डायरेक्टर और UEM कोलकाता के वाइस-चांसलर प्रो. डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती, जिनके दूरदर्शी प्रस्ताव ने इस पहल की नींव रखी, ने कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को केवल विशेषज्ञों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। हर ग्रेजुएट को यह समझना चाहिए कि सही समझ, क्रिएटिविटी और नैतिक ज़िम्मेदारी के साथ AI के साथ कैसे काम




किया जाए।

UEM जयपुर के वाइस-चांसलर प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने ज़ोर देते हुए कहा, हर अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में AI क्षमता को लागू करना एकेडमिक इनोवेशन और इंटरडिसिप्लिनरी लर्निंग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है।

UEM जयपुर के रजिस्ट्रार और प्रोवोस्ट प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा, एकेडमिक सेशन 2026-27 UEM जयपुर में एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।

यूनिवर्सिटी का एआई कंपीटेंसी फ्रेमवर्क बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम), एआई कोडिंग असिस्टेंट, इंटेलिजेंट ऑटोमेशन प्लेटफॉर्म, उन्नत एनालिटिक्स टूल, कंप्यूटर विज़न तकनीक, स्पीच एआई और अनुशासन-विशिष्ट एआई सॉफ्टवेयर का अनुभव प्रदान करके व्यापक उद्योग एकीकरण को भी बढ़ावा देता है।



## दूरियां शॉर्ट फिल्म की शूटिंग हुई प्रारंभ

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्मित होने वाली शॉर्ट फिल्म 'दूरियां' की चौमूं में शूटिंग प्रारंभ हुई। शूटिंग का प्रारंभ पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना कर किया गया।

फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि आज के जमाने में एक ही घर में रहकर पिता और पुत्री के बीच किस प्रकार से दूरियां उत्पन्न हो जाती हैं। इसी को लेकर यह शॉर्ट फिल्म बनाई जा रही है। फिल्म में संदेश दिया गया है की कैसे आज के जमाने में बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर दूरियों को मिटाया जा सकता है। इस शॉर्ट फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में प्रिया शर्मा, सुनील शर्मा और नारंगी देवी अपने अभिनय का जलवा बिखेर रहे हैं।

वहीं फिल्म के सह-निर्देशक संदीप शर्मा और मोहन सैनी ने बताया कि इससे पहले भी संस्कार सृजन संस्था द्वारा अनमोल जीवन और अपमान जैसी शॉर्ट फिल्म इंडिया यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुकी हैं, जिसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। शूटिंग के दौरान एडिटर रजनीश सैनी, आरती, निकिता, प्रीति शर्मा, मीना शर्मा, अंकित शर्मा सहित टीम सदस्य मौजूद रहे।

## उत्तराखंड के विद्यालयों में लगेंगे मेरा पेड़-मेरा दोस्त अभियान के तहत पौधे

**देहरादून (संस्कार सृजन)।** उत्तराखंड का लोकपर्व हरेला व श्रीदेव सुमन बलिदान दिवस पर उत्तराखंड के समस्त माध्यमिक व प्राथमिकता, अशासकीय तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में मेरा पेड़-मेरा दोस्त ( मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान के तहत रोपे जायेंगे पौधे। जिसके लिए महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा व निदेशक प्रारंभिक शिक्षा को आदेश निर्गत किया है।

पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण के क्षेत्र में वर्षों से कार्य कर रहे वृक्षमित्र के नाम से मशहूर डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी प्रवक्ता भूगोल पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज आईडीपीएल वीरभद्र ऋषिकेश ने महानिदेशक आकांक्षा कोंडे से मुलाकात कर उन्हें उपहार स्वरूप तुलसी का पौधा भेंट करते हुए उत्तराखंड के समस्त राजकीय माध्यमिक, प्राथमिक, अशासकीय तथा पंजीकृत, मान्यता प्राप्त विद्यालयों में मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान के तहत छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षाएं विद्यालय परिसर में एक एक पौधा दोस्त व मित्र बनाकर लगवाने का सुझाव दिया था महानिदेशक आकांक्षा कोंडे ने डॉ. सोनी के वृक्षारोपण के सुझाव को मानते हुए निदेशक माध्यमिक शिक्षा व निदेशक




प्रारंभिक शिक्षा को पत्र निर्गत कर उत्तराखंड के समस्त माध्यमिक व प्राथमिक, अशासकीय, मान्यता प्राप्त विद्यालयों में मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान के तहत पौधारोपण करने का निर्देश दिया है।

वृक्षमित्र डॉ. सोनी ने वृक्षारोपण जैसे पुनीत कार्य के लिए महानिदेशक का आभार व्यक्त किया। कहा हमारे पूर्वज पर्यावरण संरक्षण के सच्चे सेवक थे जिन्होंने पौधारोपण को अपने त्योहार से जोड़कर एक परम्परा बना डाली जिसका अनुकरण आज हम कर रहे हैं ताकि जिस तरह हमारे पूर्वजों की वजह ये जंगल बचे है उन्हीं की भांति हम भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पर्यावरण का संरक्षण करे। महानिदेशक ने कार्यवाही करते हुए विनोद प्रसाद सेमल्टी निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने प्रदेश के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों में मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान के तहत पौधारोपण कराने के निर्देश दिया है।

## पत्रकारों की 30 सूत्रीय मांगों को लेकर वॉइस ऑफ मीडिया का जयपुर में धरना

**जयपुर (संस्कार सृजन)**

पत्रकारों की विभिन्न मांगों को लेकर वॉइस ऑफ मीडिया के बैनर तले राजधानी जयपुर स्थित पुलिस कमिश्नरेट के सामने शहीद स्मारक पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लेकर 30 सूत्रीय मांगपत्र मुख्यमंत्री के नाम सौंपा और पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा एवं सम्मान की मांग को बुलंद किया।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष केशव सिंह सोलंकी ने कहा कि यह आंदोलन पत्रकारों के अधिकारों,सुरक्षा,सम्मान और लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर आयोजित किया गया है।

संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी गोपाल गुप्ता ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं, इसलिए उनके हितों और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सभी पत्रकारों को एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए।

प्रेस क्लब वेलफेयर वर्ल्ड वाइज फाउंडेशन के जयपुर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश चंद शर्मा ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि पत्रकार कलम के माध्यम से भ्रष्ट व्यवस्था और सत्ता को हिला सकता है। जो काम किसी हथियार से संभव नहीं है एवं ग्रामीण पत्रकारों के लिए विशेष सुरक्षा उनके बच्चों की फीस माफ एवं मासिक राशि राजस्थान सरकर को देनी चाहिए। डॉक्टर शर्मा ने यह भी बताया की इसके लिए मुख्यमंत्री से लगातर पत्रचार किया जा रहा




है। पत्रकार संघ तहसील

धरना-प्रदर्शन के बाद संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम 30 सूत्रीय मांगपत्र उनके प्रतिनिधि को सौंपा। प्रतिनिधि ने मांगों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। संगठन का कहना है कि मांगपत्र में पत्रकारों के कल्याण,सुरक्षा, सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से शामिल किया गया है। धरना-प्रदर्शन में गोविंद प्रसाद सैनी, दुर्गालाल सैनी,संदीप अग्रवाल,किशन सिंह,नितेश अग्रवाल,डी.सी. शर्मा,जयंत सिंह सोलंकी,सुरेंद्र सोनी, जाकिर खान,घनश्याम शर्मा,कमल रतनु,उमर पठान,रेखराज चौहान,सुरेश कुमावत,प्रशांत गौड़,गोविंद गोपाल सिंह,राजेश मेहरा, विनोद शर्मा,रोहित संधि, ओमप्रकाश मीणा सहित प्रदेशभर से आए अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# फुटबॉल में सिरमौर कैसे बना स्पेन

बीते चार फीफा कप में यह तीसरा मौका था, जब अर्जेंटीना की टीम फाइनल खेल रही थी। साल 2014 में वह जर्मनी के हाथों पराजित हो गई थी, तो 2022 में उसने फ्रांस को शिकस्त देकर विश्व विजेता का तमगा हासिल किया था। इस बार माना जा रहा था कि कप्तान लियोनेल मेसी का जादू चलेगा और चौथी बार उनकी टीम ट्रॉफी उठाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। स्पेन के फेरान टोरेस ने 'अतिरिक्त समय' में एकमात्र गोल करके अर्जेंटीना के प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया और इस तरह, जीत के साथ फुटबॉल से संन्यास लेने का मेसी का सपना भी टूट गया। टूर्नामेंट के बाकी मैचों से तुलना करें, तो यह एक फीका फाइनल था, क्योंकि पूरे टूर्नामेंट में 308 गोल हुए। फिर भी रविवार की रात एक अच्छा खेल देखने को मिला। स्पेन की टीम ने 'टिकी-टाका' और 'वन-टच' पर जोर दिया। टिकी-टाका में जहां छोटे-छोटे पास दिए जाते हैं, खिलाड़ियों का लगातार 'मूवमेंट' होता रहता है और बॉल पर कब्जा बनाए रखने पर जोर होता है, वहीं वन टच में पास की गति तेज होती है। इसे 'गिव ऐंड गो' भी कहते हैं और खिलाड़ी गेंद को रोकने या अपने पास रखने के बजाय सीधे दूसरे खिलाड़ी की ओर पास कर देता है। स्पेन ने इन दोनों शैलियों को आत्मसात कर लिया था। 90 मिनट तक एक भी गोल न करने के बावजूद उसके खिलाड़ियों ने अपना धैर्य नहीं खोया। सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ उन्होंने जो रणनीति अपनाई थी, वही व्यूह-रचना इस बार अर्जेंटीना के खिलाफ भी आजमाई गई, जो समान रूप से सफल साबित हुई।स्पेन के खिलाड़ी पास देने में किस हद तक सक्रिय थे, इसका अंदाजा इससे भी लगता है कि पूरे मैच के दौरान उन्होंने एक-दूसरे को 803 बार पास दिए, जबकि अर्जेंटीना के खिलाड़ी इसके लिए जूझते दिखे। वे 445 बार ही बॉल साथी खिलाड़ी को दे सके। यही कारण रहा कि अर्जेंटीना का खेल काफी हद तक रक्षात्मक और मुकाबले को धीमा करने वाला रहा। स्पेन के साथ अच्छी बात यह भी रही कि उसके खिलाड़ी अर्जेंटीना की तुलना में युवा हैं। फाइनल खेलने वाले लामिन यमाल तो महज 19 साल के हैं, जबकि अर्जेंटीना के कप्तान मेसी 39 साल के हो चुके हैं। मुकाबले के बाद जब यमाल रोते हुए मेसी के गले लगे, तो उसका महत्व काफी ज्यादा था। यह एक से दूसरी पीढ़ी को जिम्मेदारी की बागडोर सौंपने का संकेत था।हालांकि, मेसी को लेकर स्पेन की रणनीति इस बार कुछ अलग थी। पहले हमने देखा है कि विपक्षी टीम के दो-तीन खिलाड़ी मेसी को घेरे रहते थे, ताकि फुटबॉल उनसे छीनी जा सके, लेकिन स्पेन ने बजाय इसके कोशिश यह की कि फुटबॉल उनके पास पहुंचे ही नहीं। स्पेन के खिलाड़ी एक-दूसरे को पास देते हुए अर्जेंटीना के गोलपोस्ट के आसपास खेलते रहे। इस तरह, मेसी स्पेन के गोलपोस्ट के नजदीक होने के बावजूद विरोधी टीम के लिए बड़ा खतरा न बन सके।अर्जेंटीना की हार का एक कारण एंजो फर्नांडीज को रेड कार्ड मिलना भी था, जिसके बाद उन्हें बाहर जाना पड़ा। गौरतलब है, पूरे टूर्नामेंट में स्पेन सिर्फ एक गोल खाया, वह भी क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम द्वारा। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि उसके खिलाड़ी हमेशा एक टीम के रूप में खेलते रहे। इसी वजह से फर्नांडीज का 'डगआउट' में आना अर्जेंटीना की मुश्किलें बढ़ा गया।देखा जाए, तो यह पूरा टूर्नामेंट एक्शन और रोमांच से भरा रहा। फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में यह पहला मौका था, जब 48 टीमें मुकाबले में उतरी थीं। 200 से अधिक फीफा सदस्य टीमों ने एक-दूसरे से मुकाबला करके फुटबॉल के इस महाकुंभ में खेलने का अधिकार हासिल किया था। चूंकि इसमें एक से बढ़कर दूसरी टीमें थीं, इसलिए टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज से लेकर नॉकआउट राउंड तक मुकाबले रोमांचक रहे। नतीजों के साथ-साथ खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी शानदार रहा।इसमें एशियाई टीमों की प्रशंसा लाजिमी है। इस विश्व कप में एशिया ने अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। जापान, ईरान, इराक, कतर, जॉर्डन, कोरिया, सऊदी अरब और उज्बेकिस्तान के हाथों में एशिया की बागडोर थी, जिनमें से जापान और ईरान ने खासतौर से चौंकाया। जापान की टीम ने नीदरलैंड के साथ ड्रॉ खेला, स्वीडन को बराबरी पर रोकने में वह सफल रही, ट्यूनीशिया को 4-0 से हराया, यहां तक कि 32वें मुकाबले में उसने ब्राजील को करीब-करीब रोक ही दिया था। उस मुकाबले में उसे 2-1 से जरूर हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसके खिलाड़ियों ने फुटबॉल प्रशंसकों का दिल जीत लिया। रही बात ईरान की, तो वह बेशक अभी जंग के मैदान में अमेरिका और इजरायल के सामने है, लेकिन खेल के मैदान में भी उसके जुझारूपन की खूब तारीफ हो रही है। उसने अपनी सूझ-बूझ और खेल-कौशल का भरपूर परिचय दिया।





# घेवरों की सुगंध से महक रहा चौमूं शहर

**चौमूं (संस्कार सृजन)।** भारतीय संस्कृति में त्योहारों का अलग ही महत्व है। मौसम के अनुसार भारतीय त्यौहार आते हैं। श्रावण के महीने में शनिवार 15 अगस्त को तीज का त्यौहार पूरे राजस्थान प्रदेश में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा है। 2 दिन तीज माता की सवारी निकलती है और लोग तीज माता से सुख शांति की कामना करते हैं।

वहीं तीज के पहले दिन सिंजारा पर्व मनाया जाता है। जहां नई नवेली दुल्हनों के सिंजारा डाला जाता है। सिंजारे में मुख्य रूप से घेवर उपहार में दिए जाते हैं।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि चौमूं शहर के एन एच 52 स्थित करवों की ढाणी में तीज और गणगौर के त्यौहार पर स्पेशल घेवर बनाए जाते हैं। श्री बालाजी मिष्ठान भंडार के ओनर मुकेश सैनी ने बताया कि कई वर्षों से घेवर बनाने का काम कर रहे हैं। त्यौहार पर महीने भर पहले से ही घेवर तैयार करने लग जाते हैं। चौमूं तहसील के आसपास के गांवों में घेवर की सप्लाई होती है। घेवर तो कई जगह बनते हैं, लेकिन हमारे यहां पर शुद्धता के साथ स्वच्छता का भी ध्यान रखा जाता है, इसलिए इनका स्वाद ही अलग होता है। हमारे यहां पर होलसेल रेट में सभी लोगों के लिए घेवर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - 99299 64639.



# अमूल्य ज्ञान का बोध

## ✻ सोलह संस्कार

1.गर्भाधान संस्कार 2. पुंसवन संस्कार 3. सीमन्तोन्नयन संस्कार 4. जातकर्म संस्कार 5. नामकरण संस्कार 6.निष्क्रमण संस्कार 7. अन्नप्राशन संस्कार 8. मुंडन संस्कार 9. कर्णवेधन संस्कार 10. यज्ञोपवीत संस्कार 11. वेदारंभ संस्कार 12. केशांत संस्कार 13. समावर्तन संस्कार 14. विवाह संस्कार 15. सन्यास संस्कार 16. अन्त्येष्टि संस्कार

## ✻ अष्ट सिद्धि

1.अणिमा 2. महिमा 3. गरिमा 4. लघिमा . 5.प्राप्ति 6. प्राकाम्य 7. ईशित्व 8. वशित्व

## ✻ नव निधियां

1.पद्म निधि 2. महापद्म निधि 3. नील 4. मुकुंद निधि 5. नंद निधि 6.मकर निधि 7. कच्छप निधि 8. शंख निधि 9. खर्व निधि

## ✻ 27 नक्षत्र

1.आश्विन, 2.भरणी, 3.कृतिका, 4.रोहिणी, 5.मृगशिरा, 6.आर्द्रा 7.पुनर्वसु, 8.पुष्य, 9.आश्लेषा, 10.मघा, 11.पूर्वा फाल्गुनी, 12.उत्तरा फाल्गुनी, 13.हस्त, 14.चित्रा, 15.स्वाति, 16.विशाखा, 1l.अनुराधा, 18.ज्येष्ठा, 19.मूल, 20.पूर्वाषाढ़ा, 21.उत्तराषाढ़ा, 22.श्रवण, 23.धनिष्ठा, 24.शतभिषा, 25.पूर्वा भाद्रपद, 26.उत्तरा भाद्रपद और 27.रेवती

## ✻ 12 राशियाँ

1. मेष 2. वृषभ 3. मिथुन 4. कर्क 5. सिंह 6. कन्या 7. तुला 8. वृश्चिक 9. धनु 10. मकर 11. कुम्भ 12.मीन

## ✻ नवग्रह

1.सूर्य 2.चंद्र 3.मंगल 4.बुध 5.बृहस्पति 6.शुक्र 7.शनि 8.राहू 9.केतु

## ✻ चार वेद

1.ऋग्वेद 2.यजुर्वेद 3.सामवेद 4.अथर्ववेद

## ✻ सप्त ऋषि

1.वशिष्ठ 2.विश्वामित्र 3.कण्व 4.भारद्वाज 5.अत्रि 6.वामदेव 7.शौनक

## ✻ 18 पुराण

1.ब्रह्म पुराण 2.पद्म पुराण 3.विष्णु पुराण 4. वायु पुराण (शिव पुराण)5.भागवत पुराण 6.नारद पुराण 7. मार्कण्डेय पुराण 8.अग्नि पुराण 9.भविष्य पुराण 10.ब्रह्मवैवर्त पुराण 11.लिंग पुराण 12.वाराह पुराण 13.स्कन्द पुराण 14.वामन पुराण 15.कूर्म पुराण 16.मत्स्य पुराण 17.गरुड पुराण 18.ब्रह्माण्ड पुराण

## ✻ सोलह श्रृंगार

1.बिंदी, 2. सिंदूर, 3. काजल, 4. मेहन्दी, 5. चूड़ियाँ, 6. मंगल सूत्र, 7. नथ, 8. गजरा, 9. मांग टीका, 10. झुमके, 11. बाजूबंद, 12. कमरबंद, 13. बिछिया, 14. पायल, 15. अंगूठी, 16. स्नान

# सर्व ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए घर-घर जनसंपर्क का लिया निर्णय



**जयपुर (संस्कार सृजन)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात की बैठक श्री सुन्डेश्वर महादेव मंदिर, थाना मोड़, चौमूं में प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

मुख्य संगठन महामंत्री गजानंद शर्मा एवं प्रमुख जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहनलाल पारीक ने बताया कि बैठक में आगामी 30 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले सर्व ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह एवं विप्र गौरव अलंकरण समारोह की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

समारोह को भव्य एवं सफल बनाने के लिए समाज के प्रत्येक घर तक जनसंपर्क कर अधिक से अधिक समाजबंधुओं को आमंत्रित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके लिए अलग-अलग टीमों का गठन भी किया गया।

समारोह के संयोजक मुकेश शर्मा एवं समन्वयक मंजीता शर्मा ने बताया कि बैठक में बोर्ड परीक्षाओं के टॉप 50 विद्यार्थियों को नगद पारितोषिक सहित 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विशेष पुरस्कार से अभिनंदन करने का निर्णय लिया गया।

जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने पदाधिकारियों से अब तक की तैयारियों का फीडबैक लिया तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए सभी को जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने का आह्वान किया।

बैठक में जिला सलाहकार बजरंग लाल शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष भंवर शर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला सचिव प्रमोद शर्मा, समन्वयक उषा शर्मा, मंजीता शर्मा, योगेश शर्मा, अर्जुन शर्मा, मनोज शर्मा, नितेश शर्मा सहित महासभा के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



# विराज फाउंडेशन ने किया वृतिका शर्मा का अभिनंदन


**जयपुर (संस्कार सृजन)।** कृषि उपज मंडी समिति (अ), चौमूँ में सचिव पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर वृतिका शर्मा का विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

प्रतिनिधिमंडल ने उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की मंगलकामनाएँ व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में मंडी समिति विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव बनवारीलाल शर्मा, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, प्रदेश सलाहकार सत्यप्रकाश पारीक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. एम. के. अग्रवाल, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी, जिला महामंत्री रामलाल शेरावत तथा पूर्व सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, चौमूँ नगर अध्यक्ष डॉ. सीताराम कुमावत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## धर्म दर्शन

# पाक्षिक राशिफल



अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता
पंडित रविन्द्राचार्य

**मेष** - शारीरिक स्थिति अच्छी है। कोई प्रॉब्लम की बात नहीं है। केवल हार्मोन से संबंधित परेशानी हो सकती है, बाकी किसी भी तरीके की कोई प्रॉब्लम नहीं है। केतु लव लाइफ में ये परेशानी बढ़ाएंगे । कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय मत लीजिए

**वृषभ** - लग्न का मंगल शारीरिक और मानसिक तापमान बढ़ाएगा । प्रेम की स्थिति अच्छी है। घरेलू सुख बाधित है । सीने में कोई भी बड़ा इन्फेक्शन होने के संकेत हैं । भावनाओं में बहके कोई निर्णय मत लीजिएगा । रोजगार में तरक्की करेंगे।

**मिथुन** - स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। नाक, कान, गला की थोड़ी परेशानी हो सकती है । प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी नहीं चल रही है । रिलेशनशिप प्रॉब्लम में है, व्यापारिक दृष्टिकोण से आप सही चल रहे हैं। गणेश जी को प्रणाम करना शुभ होगा।

**कर्क** - आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहेगा । धन हानि के संकेत हैं । प्रेम संतान की स्थिति काफी लाभप्रद है । व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ समय है। हरी वस्तु का दान करना शुभ होगा।

**सिंह** - स्वास्थ्य के मामले में संक्रमित होने के बड़े चांसेस हैं । प्रेम संतान की स्थिति भी थोड़ी दूरी वाली है। व्यापारिक दृष्टिकोण से आप शुभ हैं और सरकारी तंत्र से पंगेबाज़ी मत करिएगा। निवेश मत करिएगा और शुरुआत में जुबान पे काबू रखें । काली जी को प्रणाम करना शुभ होगा।

**कन्या** - स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम संतान की स्थिति भी अच्छी है और व्यापारिक दृष्टिकोण से सही समय है । नेत्र पीड़ा, सर दर्द और सर में कोई बड़ा इन्फेक्शन होने के संकेत हैं । लाल वस्तु का दान करना शुभ होगा।

**तुला** - स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। शोल्डर में या नाक, कान, गला में परेशानी हो सकती है । आय के मार्ग थोड़े अवरुद्ध होंगे। सरकारी तंत्र से आपको लाभ रहेगा। प्रेम संतान की स्थिति भी मध्यम बनी हुई है। ज़रूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में होंगी। लाल वस्तु का दान करना शुभ होगा।

**वृश्चिक** - स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है। प्रेम संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ समय है। निवेश के लिए उपयुक्त समय। मध्य में खर्च की अधिकता । भाग्य साथ देगा, निवेश कर सकते हैं। पीली वस्तु पास रखना शुभ होगा।

**धनु** - पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें, सरकारी तंत्र से पंगेबाजी मत करिए। रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमज़ोर है । जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा संबंध है । कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। आय के नए मार्ग बनेंगे, यात्रा का योग बनेगा। पीली वस्तु पास रखना शुभ होगा।

**मकर** - वैवाहिक जीवन में जा रहे हैं वो थोड़े कंफ्यूज हैं । निवेश के लिए अच्छा समय नहीं है। भाग्य साथ देगा,रोजगार में तरक्की करेंगे, कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी । काली जी को प्रणाम करना शुभ होगा।

**कुंभ** - स्वयं और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान रखिए। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। निवेश इत्यादि बिल्कुल मत करिएगा। अंत में व्यवसायिक सफलता मिलेगी, कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी । लाल वस्तु का दान करना शुभ होगा।




**मीन** - स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम संतान की स्थिति उतार-चढ़ाव में है और व्यापारिक दृष्टिकोण से आप धीरे-धीरे अच्छे चल रहे हैं।

प्रेमी प्रेमिका की मुलाकात संभव है । आप अच्छे दिनों की तरफ बढ़ जाएंगे। काली जी को प्रणाम करना शुभ होगा।

# (कहानी) नया सवेरा



प्रभाती लाल सैनी

रामपुर गाँव में सोहन और सुधा को एक आदर्श पति-पत्नी माना जाता था। वे कोई अमीर ज़मींदार नहीं थे, बल्कि एक छोटे से स्कूल में पढ़ाते थे। दोनों का मानना था कि समाज में बदलाव केवल भाषणों से नहीं, बल्कि अपने आचरण से आता है।

एक दिन गाँव में एक बड़ी पंचायत बैठी। मुद्दा था गाँव के एक गरीब किसान, रामू की बेटी की शादी। रामू परेशान था क्योंकि लड़के वाले मोटी रकम और बड़ी गाड़ी की मांग कर रहे थे। गाँव के लोग भी यही सलाह दे रहे थे कि बेटी की इज़्ज़त का सवाल है, कर्ज़ लेकर ही सही, मांग पूरी कर दो। सोहन और सुधा भी वहाँ मौजूद थे। रामू को रोता देख सुधा से रहा नहीं गया। वह उठकर पंचायत के बीच में आई और बोली, प्रधान जी, क्या हम अपनी बेटियों को सिर्फ एक सौदा मान बैठे हैं? आज रामू भाई कर्ज़ लेकर मांग पूरी कर देंगे, लेकिन कल अगर कोई और गरीब ऐसा नहीं कर पाया, तो क्या उसकी बेटी की कोई इज़्ज़त नहीं होगी?

भीड़ में से आवाज़ आई, सुधा जी, बोलना आसान है। जब आपके खुद के बेटे की शादी होगी, तब पता चलेगा।

सोहन तुरंत सुधा के साथ खड़ा हुआ और मुस्कुराते हुए बोला, आपने बिल्कुल सही मौका दिया है। मेरा बेटा अमित अब पढ़-लिखकर इंजीनियर बन चुका है। आप सब गवाह हैं, आज मैं और सुधा इस पंचायत में यह घोषणा करते हैं कि हम अपने बेटे की शादी बिना एक रुपया दहेज लिए करेंगे। हम केवल एक संस्कारी बहू लाएंगे, कोई सामान नहीं।

पंचायत में सन्नाटा पसर गया। लोग एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। लड़के वालों को भी अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने दहेज की मांग वापस ले ली।

बात सिर्फ दहेज तक नहीं रुकी। कुछ महीनों बाद गाँव में एक महामारी फैली, जिससे कई परिवार प्रभावित हुए। गाँव के लोग डर के मारे बीमारों से दूरी बनाने लगे। रूढ़िवादी सोच के कारण लोग इसे दैवीय प्रकोप मानकर झाड़-फूँक का सहारा ले रहे थे। सोहन और सुधा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने अंधविश्वास के खिलाफ खड़े होने का फैसला किया।

उन्होंने शहर से डॉक्टरों की टीम बुलाई। अपने घर को ही एक छोटा सा अस्थाई अस्पताल बना दिया। सुधा ने खुद बीमार महिलाओं और बच्चों की देखभाल की, जबकि सोहन डॉक्टरों के साथ मिलकर दवाइयाँ बाँटने लगा।

गाँव के लोग खिड़कियों से देखते और कहते, इन्हें डर नहीं लगता? खुद बीमार हो जाएंगे। लेकिन पति-पत्नी की निस्वार्थ सेवा और सही इलाज के कारण धीरे-धीरे लोग ठीक होने लगे।

जब महामारी का असर कम हुआ, तो गाँव वालों को अपनी गलती का अहसास हुआ। वे सब सोहन और सुधा के घर के बाहर इकट्ठा हुए। गाँव के बुजुर्ग प्रधान ने आगे बढ़कर कहा, सोहन, सुधा, तुमने हमारी आँखें खोल दीं। शादी-ब्याह में दिखावे की कुप्रथा हो या संकट के समय अंधविश्वास, तुम दोनों ने हमेशा हमें सही रास्ता दिखाया है।

समाज किसी एक व्यक्ति से नहीं, हमसे बनता है। अगर हम खुद को बदलेंगे, तो समाज अपने आप बदल जाएगा।- सोहन ने हाथ जोड़कर कहा।

सुधा ने बात पूरी करते हुए कहा, बदलाव की शुरुआत हमेशा अपने घर से होती है। कुप्रथाओं को तोड़ना मुश्किल ज़रूर है, लेकिन नामुमकिन नहीं।

उस दिन रामपुर गाँव के लोगों ने संकल्प लिया कि वे दहेज जैसी कुप्रथा को हमेशा के लिए छोड़ देंगे और संकट में एक-दूसरे का साथ देंगे।

सोहन और सुधा ने साबित कर दिया था कि एक छोटा सा दीया भी पूरे समाज का अंधेरा दूर कर सकता है।



## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दीया और दीपक ने जीते पदक

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** जयपुर खेलो इंडिया मल्टी पर्पस इनडोर हॉल राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में 18 और 19 जुलाई 2026 को राजस्थान कप 2026 ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें दीया सैनी ने प्रो स्टार ताइक्वांडो अकादमी की तरफ से 14 वर्ष से कम उम्र के प्रतिभागियों के ग्रुप ए के अंतर्गत भाग लिया और गोल्ड मेडल जीता। दीपक सैनी ने 12 वर्ष से कम उम्र के प्रतिभागियों के ग्रुप ए के कंपटीशन में भाग लिया और रजत पदक जीता। उल्लेखनीय है कि दोनों खिलाड़ी शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले के रहने वाले हैं। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी और खुशी जाहिर की। दोनों ने अपने माता-पिता एवं अपने गुरुजनों को इस जीत का श्रेय दिया।

## एडवोकेट पवन कुमार प्रजापति ने नीट में सफल रिद्धिमा शर्मा को दी बधाई



**जयपुर (संस्कार सृजन)**

आम आदमी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र चौमूं के पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं मानव अधिकार आयोग के प्रदेश सह-प्रभारी पवन कुमार प्रजापति एडवोकेट ने चौमूं निवासी देवकीनंदन शर्मा एडवोकेट की सुपुत्री रिद्धिमा शर्मा से मुलाकात की। रिद्धिमा ने नीट परीक्षा 2026 में 578 अंक हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पवन कुमार प्रजापति ने रिद्धिमा के निवास स्थान पर पहुंचकर बिटिया का मुंह मीठा करवाया और उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर पवन कुमार प्रजापति ने कहा कि रिद्धिमा ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से न केवल अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे चौमूं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और रिद्धिमा की यह सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। कार्यक्रम के दौरान होनहार बिटिया की इस सफलता पर उनके माता-पिता का भी विशेष सम्मान किया गया। इस दौरान परिवारजन और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**चौमूं (संस्कार सृजन)।** आगामी 16 एवं 17 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विशाल द्वादश कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ, चौमूं नगर के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, रावण गेट, सुभाष सर्किल, चौमूं में आयोजित की गई।

बैठक में भाग प्रमुखों एवं वार्ड प्रमुखों को उनके क्षेत्रवार रसीद पुस्तिकाओं का वितरण किया गया।

साथ ही प्रत्येक वार्ड में जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार को गति देने के उद्देश्य से प्रचार सामग्री भी वितरित की गई।

इस अवसर पर संघ के व्यवस्थापक डॉ. रमेश देवंदा ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण, उत्साह एवं पूरी शक्ति के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें, ताकि इस वर्ष की विशाल कांवड़ यात्रा ऐतिहासिक एवं सफल बन सके। उन्होंने सभी से घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को यात्रा से जोड़ने का आह्वान किया।

बैठक में यात्रा की तैयारियों, प्रचार-प्रसार, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न दायित्वों पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

इस अवसर पर बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ की द्वादश कावड़ यात्रा के संयोजक प्रतीक शर्मा, मालेश्वरनाथ संयोजक डॉ. प्रवीण सैनी, महिला प्रमुख कान्ता गुप्ता, कोषाध्यक्ष पूरण सैनी, व्यवस्थापक ओम प्रकाश कुमावत, श्याम विजय शर्मा, अमृता कुमावत, संरक्षक केदार छीपा, दीपिका पारीक, राजेन्द्र गुलिया, यज्ञदत्त सर्राफ, अशोक कुमावत, सागर सैनी, कमलेश सैनी, अविनाश सैनी, अशोक पारीक, जितेन्द्र कुमावत, अटल मेठी, तुषार सैनी, मोहन सैनी, गुड्डु पारीक, अशोक जांगीड़, ओम प्रकाश सोनी, रितेश योगी, अनमोल सैनी, नीलम छीपा, मधु छीपा, मंजू पारीक, किरण शर्मा, पूनम विजय सहित संघ के समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, भाग प्रमुख, वार्ड प्रमुख एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा सभी ने यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया।


# राजस्थान की संस्कृति को समर्पित रहा 'ग्लैम ऑफ बॉलीवुड-सीजन 2', विजेताओं को मिलेगा फिल्मी गीत में अवसर

**जयपुर (संस्कार सृजन)**

राजस्थान की कला, संस्कृति और युवा प्रतिभाओं को समर्पित 'ग्लैम ऑफ बॉलीवुड-सीजन 2' का भव्य आयोजन जवाहर कला केंद्र के सहयोग से रंगायन सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन आम फैशन शो से अलग हटकर राजस्थान की लोक संस्कृति, परंपराओं और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश की वंदना से हुआ। इसके बाद राजस्थान के प्रसिद्ध मांड गायकों ने अपनी लोकधुनों से समां बांध दिया। नन्हे कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में अमेरिका में रोबोफेस्ट वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में भारत का नाम रोशन करने वाली इनाया खान का विशेष सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में मिस रितुराज राठौर पाली ने मिस ग्लैम ऑफ बॉलीवुड-सीजन 2,







अभिमन्यु राजपुरोहित देसूरी ने मिस्टर ग्लैम ऑफ बॉलीवुड-सीजन 2 और जया शर्मा जयपुर ने मिसेज ग्लैम ऑफ बॉलीवुड-सीजन 2 का खिताब अपने नाम किया। निर्णायक मंडल में सुरेश मुद्गल, मिताली सोनी, सारा इस्माइल और एडवोकेट आशिमा खान रही।

इस अवसर पर एसआरके फिल्म प्रोडक्शन की ओर से घोषणा की गई कि तीनों विजेताओं को राजस्थान की आन-बान-शान पर आधारित आगामी गीत में लॉन्च किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान इस विशेष गीत का आधिकारिक पोस्टर भी लॉन्च किया गया।

पोस्टर का लोकार्पण शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति बसंत जैन, डॉ. हेमंत छललानी,अमित शर्मा लियो, महावीर कुमार सोनी और सुधीर माथुर के कर कमलों से किया गया। कार्यक्रम की मेंटर पूनम खंगारोत रहीं, जिनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं।

आयोजक डॉ. भावना शर्मा ने बताया कि यह आयोजन जवाहर कला केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य केवल फैशन तक सीमित नहीं बल्कि राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोककला और पारंपरिक वेशभूषा को नई पीढ़ी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसे मंचों की आवश्यकता है, जो युवाओं को अपनी संस्कृति पर गर्व करने और उससे जुड़े रहने की प्रेरणा दें।

पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि ग्लैम ऑफ बॉलीवुड केवल एक फैशन शो नहीं, बल्कि राजस्थान की संस्कृति, प्रतिभा और गौरव को नई पहचान दिलाने वाला एक सशक्त मंच है।




# सीएसके कारवां सुरो का म्यूजिकल ग्रुप की संगीत संध्या संपन्न, मधुर गानों पर जमकर झूमें श्रोता

**जयपुर (संस्कार सृजन)**

जवाहर कला केन्द्र (जेकेके) जयपुर के सुप्रसिद्ध 'रंगायन' सभागार में रविवार 19 जुलाई को सी.एस.के. 'कारवां सुरो का' म्यूजिकल ग्रुप द्वारा एक भव्य संगीतमय शाम 'रेट्रो सीजन-1' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस गौरवमयी सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुलाबी नगरी के कई गणमान्य लोग, प्रबुद्ध नागरिक और कला जगत से जुड़ी विशिष्ट विभूतियां अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गयी। इसके पश्चात ग्रुप के फाउंडर व एडमिन विल्सन राय, सुधीर बादोलिया एवं एडवोकेट आनंद शर्मा द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी विशिष्ट अतिथियों का शॉल, स्मृति चिह्न एवं माला पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधिपति सी. के. सोनगरा रहे । ग्रुप के एडमिन सदस्य के रूप में



रोहिणीराय, ज्योतिषाचार्य प्रतिभा शर्मा, डॉ. प्रियंका, शकील व रमेश मोबारसा उपस्थित रहे। संगीत संध्या 'रेट्रो सीजन-1' के अंतर्गत जयपुर शहर के एक से बढ़कर एक सुरीले और उदीयमान कलाकारों ने मंच पर अपनी सुमधुर आवाज का जादू बिखेरा। कलाकारों ने जब भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम युग (रेट्रो एरा) के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां दीं, तो पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। गीतों की मधुर धुनों और बेहतरीन गायकी ने यहां मौजूद तमाम दर्शकों को इस कदर मंत्रमुग्ध कर दिया कि वे स्वयं को रोक नहीं पाए और गानों पर थिरकने पर विवश हो गए। सभी श्रोताओं ने सुरमयी शाम का भरपूर आनंद लिया।

# जयपुर जिला देहात कांग्रेस सेवादल उत्तर के कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित



**जयपुर (संस्कार सृजन)।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन 23 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर जयपुर जिला देहात कांग्रेस सेवादल उत्तर के कार्यकर्ताओं की मीटिंग जिला अध्यक्ष लल्लू राम सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें दिल्ली में आयोजित होने वाले सेवादल के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हो कर अपनी भागीदारी निभानी है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवादल प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी राजेंद्र सिंह अडवाणा और सेवादल की महिला विंग की जिला अध्यक्ष मीनू जांगिड़ ने कहा कि सेवादल का कार्यकर्ता जनहित में काम करता है एवं दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर भागीदार बने।

इस दौरान आमेर विधानसभा के अध्यक्ष रामचंद्र यादव, आमेर ब्लॉक अध्यक्ष भरत बुनकर, मिलाप चंद नारोलिया, प्रफुल्ल विजयवर्गीय, अरुण कुमार पहाड़िया, मोहनलाल सैन उर्फ मोनू सैन, राकेश जांगिड़ खेजरोली, नन्द सिंह यादव, जितेंद्र कुमार सैनी, मोहन सैनी, राकेश करवा, कन्हैया लाल यादव, कन्हैया लाल बुनकर, तारा चंद गुर्जर, रोहिताश मीणा, पपन शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने आलीसर में ब्लॉक फर्श व टिन शेड का किया लोकार्पण

**चौमूं (संस्कार सृजन)**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने ग्राम आलीसर स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र श्री पाबूजी गोगाजी मंदिर मेडी धाम में आयोजित अभिनन्दन समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में नवनिर्मित ब्लॉक फर्श एवं भामाशाहों के सहयोग से तैयार किए गए टिन शेड निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण कर इसे आमजन व श्रद्धालुओं को समर्पित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने श्री पाबूजी गोगाजी महाराज के दरबार में शीश नवाकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंचायत समिति द्वारा 5



लाख रुपए की लागत से ब्लॉक फर्श का निर्माण करवाया गया है, वहीं स्थानीय भामाशाहों के सहयोग से टिन शेड का निर्माण हुआ है।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना हमारी हमेशा से शीर्ष प्राथमिकता रही है। उन्होंने विकास कार्यों में सहयोग देने वाले भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयास ग्रामीण विकास और सामाजिक समरसता को और मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों और मंदिर कमेटी द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का 51 फिट का साफा व माला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, जिसके लिए उन्होंने पूरी जनता जनार्दन का हृदय से आभार जताया।

इस गरिमामयी लोकार्पण समारोह में पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव, आलीसर प्रशासक प्रभु दयाल यादव, किशनमानपुरा प्रशासक हरदेव देवंदा, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरव यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

RNI N0. - RAJHIN/2021/80841
www.sanskarnews.page
EMAIL-sanskarsrijan21@gmail.com
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित।
उपसंपादक- रजनीश सैनी